Seventeenth Loksabha

span>

HON. CHAIRPERSON: Now, Matters under Rule 377 – Shri Rajveer Singh (Raju Bhaiya).

Title: Regarding introduction of a train from Etah to Delhi via Agra.

श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र एटा कासगंज, उत्तर प्रदेश में पिछड़े जिलों में आता है और उसका प्रमुख कारण है यहां पर आवागमन के साधनों का अभाव। रेल हमारे देश में यातायात के प्रमुख साधनों में से है, जिसे हर कामकाजी व्यक्ति इस्तेमाल करता है। एटा- कासगंज, उत्तर प्रदेश से दिल्ली के लिए कोई सीधी रेलगाडी नही है, इसलिए मेरी माननीय रेल मंत्री जी से मांग है कि एटा कासगंज, उत्तर प्रदेश से दिल्ली के लिए आगरा होते हुए एक रेलगाड़ी चलाएं, जिससे मेरे क्षेत्र वासी अपनी पढ़ाई, नौकरी, रोजगार और कारोबार के लिए दिल्ली और आगरा आसानी से जा सकें।